2. The Government of Saudi Arabia generally does not permit the setting up of Consulates in Dammam. However, our Mission in Riyadh sends Consular teams every week to Dammam to provide passport and consular services to the Indian community in the area. These teams provide 375-400 consular services during each visit. Compared to other diplomatic missions in Saudi Arabia having large-size communities in the Kingdom, these weekly visits of consular teams are the most frequent.

मध्य प्रदेश में प्राकृतिक आपदाएं

*426. **श्री राधाकिशन मालवीय:**
श्रीमती वीणा वर्मा:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में वर्ष 1997-98 के दौरान बाढ़ तथा प्राकृतिक आपदाओं के बारे में आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो इसका क्या निष्कर्ष है;

(ग) क्या सरकार ने वहां हुई जान और माल की हानि के संबंध में भी कोई आंकलन किया है; और

(घ) यदि हां, तो राज्य में कुल कितनी हानि हुई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल): (क) से (घ) मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, 1997-98 के दौरान मंई, 1997 में आए भूकम्प, अगस्त, 1997 में आई बाढ़ और अक्तूबर, 1997 से मार्च, 1998 तक हुई ओलावृष्टि एवं शीतकालीन वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से राज्य के बहुत से हिस्से अलग-अलग रूप से प्रभावित हुए।

इन प्राकृतिक आपदाओं के कारण सम्पत्ति को हुए नुकसान की मात्रा तथा जान-माल की क्षति का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

मध्य प्रदेश में 1997-98 के दौरान ओलावृष्टि, भारी वर्षा, बाढ़ और भूकम्प के कारण हुई क्षति।

क्रम सं०	आपदा	घटित होने की अवधि	फसलों को क्षति (लाख हैक्टे० में)	मकानों/झोपड़ियों को नुकसान (लाख में)	मृतक व्यक्ति (संख्या)	मृतक पशु (संख्या)
1	2	3	4	5	6	7
1.	भूकम्प	22.5.1997	सूचना प्राप्त नहीं हुई	3.61	39	47
2.	बाढ़/भारी वर्षा	अगस्त-सितम्बर, 1997	0.38	0.48	34	1236
3.	भारी वर्षा	अक्तूबर—दिसम्बर, 1997	48.50	सूचना प्राप्त नहीं हुई	सूचना प्राप्त नहीं हुई	सूचना प्राप्त नहीं हुई
4.	ओलावृष्टि	अक्तूबर, 97—फरवरी, 98	4.45	1.04	36	641
5.	ओलावृष्टि	मार्च, 98	2.17	0.36	28	1265
	कुल:		55.50	5.49	137	3189